Rapid Fire करेंट अफेयर्स (7 जनवरी)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-07-01-2019

- केंद्र सरकार ने आर्थिक रूप से कमज़ोर सवर्णों को 10 प्रतिशत आरक्षण को दी मंज़ूरी; प्रति वर्ष 8 लाख से कम आय, 5 एकड़ से कम कृषि भूमि, किसी कस्बे में 1000 वर्ग फीट से कम का मकान या किसी शहर में 100 वर्ग गज़ से कम का मकान रखने वाले सवर्णों को मिलेगा यह आरक्षण; संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 में संशोधन कर बढ़ाया जाएगा आरक्षण का कोटा; 49 फीसदी से बढ़कर 59 फीसदी हो जाएगा आरक्षण; फिलहाल केंद्र और राज्यों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये 27 फीसदी और अनुसूचित जाति व जनजाति के लिये 22 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था है
- भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने भारतीय पेटेंट कानून 1970 के तहत पेंटेंट प्राप्त करने वाली नई दवा का उत्पादन करने वाले विनिर्माता को दवा (मूल्य नियंत्रण) संशोधन आदेश 2019 से पांच साल की अवधि के लिये छूट दी; उस दवा के व्यावसायिक विपणन की शुरुआत से पांच साल के लिये होगी यह छूट; स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्णय के अनुसार कम लोगों को होने वाली बीमारियों के इलाज की दवाओं पर दवा मूल्य नियंत्रण आदेश 2013 के प्रावधान नहीं होंगे लागू; इसके तहत अधिसूचित दवाओं की कीमतें तय की जातीं हैं और गैर-अधिसूचित दवाओं सहित सभी दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य पर रखी जाती है निगरानी
- नॉर्वे की प्रधानमंत्री एरेना सोलबर्ग तीन दिन के भारत दौरे पर आईं; द्विपक्षीय मसलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई वार्ता; भू-आर्थिकी और भू-राजनीति विषयों पर आयोजित रायसीना डायलॉग को किया संबोधित; भारत-नॉर्वे व्यापार सम्मेलन में भी हिस्सा लिया एरेना सोलबर्ग ने
- प्रसार भारती ने बंद किया आकाशवाणी का राष्ट्रीय चैनल; 5 शहरों का क्षेत्रीय प्रसारण और मल्टीमीडिया अकादमी भी बंद; 32 वर्षों से राजधानी नई दिल्ली से काम कर रहा था राष्ट्रीय चैनल; भारत सरकार के प्रसारण नियम के तहत 1987 में की गई थी बहुभाषी नेशनल चैनल की शुरुआत; अहमदाबाद, हैदराबाद, लखनऊ, शिलॉन्ग और तिरुवनंतपुरम में काम कर थीं मल्टीमीडिया अकादमी
- पंजाब के जालंधर में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में संपन्न हुइ भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 106वें संस्करण विशेष आकर्षण था; टाइम कैप्सूल; इस कैप्सूल में वर्तमान में उपयोग किये जा रहे 60 इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखे गए हैं; टाइम कैप्सूल को ज़मीन में 9 फ़ीट गहराई में दबाया गया; 100 साल बाद इसे इसे 3 जनवरी 2119 को निकाला जाएगा; नोबेल पुरस्कार विजेताओं डंकेन आल्देन (भौतिकी) और एवराम हर्शको (रसायन विज्ञान) ने बटन दबाकर इस कैप्सूल को जमीन में दफनाया
- नेपाल राष्ट्र बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक से नेपाल में 100 रुपए से बड़े नोटों को चलाने की अनुमति देने को कहा; अभी पुरानी अधिसूचना से चल रहा है काम, इस वज़ह से भारत के नए करेंसी नोट नेपाल में मान्य नहीं हैं; नेपाल ने 200, 500 और 2000 रुपए के नोटों के लिये अधिसूचना जारी करने को कहा है; अधिसूचना जारी न हो पाने के कारण नेपाल में भारत की नई करेंसी का इस्तेमाल अवैध हो गया है

- नेपाल सरकार ने लिया बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल सुनिश्चित करने के लिये कानून बनाने का निर्णय; इस कानून के तहत संतान को अपनी आय का एक तय हिस्सा बुजुर्ग माता-पिता के बैंक खाते में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा; इसके लिये वरिष्ठ नागरिक अधिनियम-2006 में संशोधन हेतु संसद में पेश किया जाएगा विधेयक; वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को आसान और सुरक्षित बनाना है इसका उद्देश्य
- अमेरिका की मोनटाना स्टेट यूनिवर्सिटी के 45 सदस्यों की टीम दक्षिणी ध्रुव से करीब 596 किलोमीटर दूर स्थित 'मर्सर सबग्लेशियल लेक' में बर्फ की चादर में चार हज़ार फुट तक ड्रिल करने की तैयारी में; बर्फ के नीचे सूक्ष्मजीवों का पता लगाना है इसका उद्देश्य; करीब 96 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई है झील; लगभग एक दशक पहले उपग्रह की तस्वीरों से हुई थी इस झील की खोज; Subglacial Antarctic Lakes Scientific Access (SALSA) है इस अभियान का नाम
- भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेला गया चौथा टेस्ट मैच बारिश की वज़ह से ड्रा; भारत ने 71 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया में 2-1 से जीती टेस्ट सीरीज़; टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में सीरीज़ हराने वाली पहली एशियाई टीम भी बनी; इससे पहले केवल इंग्लैंड, वेस्टइंडीज़, न्यूज़ीलैंड और दक्षिण अफ्रीका ही ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराने वाली टीमें थीं; चेतेश्वर पुजारा बने मैन ऑफ द सीरीज़
- गुजरात के अहमदाबाद में शुरू हुआ 30वाँ अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव; मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने किया मकर संक्रांति यानी 14 जनवरी तक चलने वाले महोत्सव का उद्घाटन; गुजरात के अलावा 13 राज्यों और 45 अन्य देशों के पतंगबाज ले रहे हैं हिस्सा; गुजरात के स्टेच्यू आफ यूनिटी के अलावा 11 अन्य शहरों के पर्यटन स्थलों पर भी किया गया है पतंग महोत्सव का आयोजन
- अंडमान-निकोबार द्वीप में 'पाबुक' चक्रवात को लेकर जारी हुआ 'ऑरेंज' अलर्ट; 'ऑरेंज' अलर्ट मौसम की एक चेतावनी है, जिसका मतलब है 'लोगों को तैयार रहना' तथा खराब या अत्यंत खराब मौसम की आशंका; लाओस ने इस चक्रवात को 'पाबुक' नाम दिया; बड़े आकार की ताज़े पानी की मछली है 'पाबुक'
- फिलीपींस में क्रिसमस के बाद 29 दिसंबर को आया था चक्रवाती तूफान 'उस्मान', देश के मध्य-पूर्वी भाग में जान-माल की भारी क्षति हुई; सैकड़ों लोग मारे गए और लाखों विस्थपित हुए; नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट काउंसिल' के अनुसार राजधानी मनीला के बिकोल क्षेत्र में भी 'उस्मान' ने तबाही मचाई; इसके बाद 'उस्मान' फिलीपींस से दक्षिण चीन सागर की ओर बढ़ गया; 2018 में फिलीपींस में आया यह 21वाँ उष्णकटिबंधीय चक्रवात; स्थानीय नाम दिया गया 'उस्मान'